हम काली सिपाही मक्खी डिम्भक आधारित जैवपरिवर्तन इकाइयों की स्थापना के लिए प्रशिक्षण एवं परामर्श कार्य प्रदान करते हैं।

Scan QR code

अधिक जानकारी के लिए,

निदेशक
भा कृ अनु प- केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान
पोस्ट बोक्स सं. 1603, एरणाकुलम नोर्त पी.ओ., कोच्ची – 682018
वेबपेज : https://www.cmfri.org.in
फोन : +91 484 2394357 /12, 2391407
ई- मेल : director.cmfri@icar.gov.in

प्रकाशन :
डॉ. ग्रिन्सण जॉर्ज, निदेशक, भा कृ अनु प- सी एम एफ आर आइ

तैयारी :
सनल इबनीज़र, लिंग प्रभु डी., चंद्रशेखर एस., अडनान एच. गोरा, सायूज पी., सजिना के. ए., विपिनकुमार वी. पी., विजयगोपाल पी. और काजल चक्रबर्ती

डिज़ाइन एवं ले-आउट : अभिलाष पी. आर.

सी एम एफ आर आइ पॉम्फ्लेट श्रेणी सं.145/2024

CADALMIN™

BSF ZW

A Zero-Waste bio-conversion system

काली सिपाही मक्खी डिम्भक आधारित जैवपरिवर्तन प्रणाली

SWACHHATA HI SEVA 2024
14th September - 2nd October 2024
Swabhav Swachhata, Sanskaar Swachhata

भा कृ अनु प - केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, भारत सरकार
कोच्ची - 682 018, केरल, भारत

CADALMIN™ BSF ZW

A Zero-Waste bio-conversion system

भारत सहित विकासशील देशों में जैव अपशिष्ट निपटान चुनौतीपूर्ण और अक्सर उपेक्षित मुद्दों में से एक है। पर्यावरणीय बोझ को कम करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए,अभिनव, पर्यावरण के अनुकूल और आर्थिक रूप से व्यवहार्य अपशिष्ट प्रबंधन रणनीतियों की खोज की जानी चाहिए और उन्हें बढ़ावा दिया जाना चाहिए। जैविक अपशिष्ट के जैव रूपांतरण का मुख्य लाभ यह है कि इस प्रक्रिया के दौरान, हानिकारक रसायनों की आवश्यकता नहीं होती हैं या वे उत्पन्न नहीं होते हैं, साथ ही साथ मूल्यवान आउटपुट भी प्राप्त होते हैं। जैव अपशिष्ट के जैव रूपांतरण और मूल्य स्थिरीकरण के लिए भा कृअनु प- सी एम एफ आर आइ में काली सिपाही मक्खी डिम्भक (*हर्मेटिया इल्यूसेंस*) का उपयोग करके जैविक अपशिष्ट को मछली चारा में मूल्य स्थिरीकरण के लिए एक पायलट स्केल प्रणाली स्थापित कि गयी थी। सी एम एफ आर आइ के प्रभागों से मछली प्रतिचयन के अपशिष्ट और कैंटीन अपशिष्ट सहित जैविक अपशिष्ट को वैकल्पिक प्रोटीन और लिपिड युक्त एक्वाफीड सामग्री और खाद में मूल्य स्थिरीकरण किया जा रहा है।

यह उच्च मूल्य से युक्त टिकाऊ प्रोटीन और लिपिड युक्त तत्वों के उत्पादन हेतु मछली चारा के लिए नया एवं प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल जैविक परिवर्तन मॉडल है। इस इकाई में प्रजनन के लिए अन्धेरा-प्रकाश कक्ष, अंड निक्षेपण एवं प्यूपल ऊष्मायन, प्रारम्भिक डिम्भक पालन, उन्नत डिम्भक पालन, स्व-संग्रहण इकाई और कीटमल की खाद बनाने की प्रणाली शामिल हैं। कीटमल का उपयोग उत्कृष्ट मृदा संशोधन/ जैविक उर्वरक के रूप में किया जा सकता है। काली सिपाही मक्खी डिम्भक जलीय खाद्य के लिए उच्च मूल्य से युक्त टिकाऊ प्रोटीन और लिपिड तत्वों का एक उत्कृष्ट स्रोत है।

काली सिपाही मक्खी डिम्भक जलीय खाद्य के लिए उच्च मूल्य से युक्त टिकाऊ प्रोटीन और लिपिड तत्वों का एक उत्कृष्ट स्रोत है।

जैविक अपशिष्ट के मूल्य स्थिरीकरण हेतु प्रक्रिया प्रवाह



पोषण संबंधी संरचना



बी एस एफ डिम्भक पालन एवं जैव परिवर्तन इकाई

100 टन जैविक अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए आकलन